जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2018/357 दिनांक : 12.04.2018

प्रति,

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र ग्वालियर (म0प्र0)

विषय :- बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर, 2017 की प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न कराने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालयीन बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर, 2017 की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र की सूची विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर प्रसारित की जा चुकी है। इस हेतु बाह्य परीक्षक के नाम संबंधित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र एवं संबंधित बाह्य परीक्षक को भेजे जा चुके है।

यदि किसी कारणवश संबंधित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र को बाहय् परीक्षक की नियुक्ति का पत्र प्राप्त नही होता है तो परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र का प्रतिनिध महाविद्यालय के प्राचार्य का अर्थॉरिटी लेटर देकर पत्र प्राप्त कर सकता है।

अतः समस्त संबंधित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्रों / महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि दिए गए निर्देशानुसार बाहय् परीक्षक से सम्पर्क कर केन्द्र को आवंटित समस्त महाविद्यालयों की प्रायोगिक परीक्षाएं आवश्यक रूप से सम्पन्न कराकर दिनांक 25.04.2018 तक प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की हॉर्ड कॉपी विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से पूर्व में बाहय् परीक्षक की नियुक्ति हेतु जारी प्रायोगिक परीक्षा के पत्र में दिए गए निर्देशानुसार जमा करावें। हॉर्डकॉपी में बाहय् परीक्षक का मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. आवश्यक रूप से अंकित किया जावे। बाहय् परीक्षक का मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. अंकित न होने की दशा में प्रायोगिक अंकों की हॉर्ड कॉपी विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं की जावेगी।

भ व दी य

परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपिः-</u>

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)